# 36 घंटे निर्जला व्रत रखकर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित

## राजधानी के 52 घाटों पर पूजन के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन







**भोपाल, 28 अक्टूबर. राजधानी भोपाल के करीब 52 घाटों पर मंगलवार प्रातः सूर्यदेव की पहली किरण के साथ श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को दूध, जल और प्रसाद से अर्घ्य अर्पित किया. इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण हुआ.**

शहर के कमला पार्क, सनसेट पॉइंट (वर्धमान पार्क), खटलापुरा घाट, प्रेमपुरा घाट, हथाईखेड़ा डैम, भेल बरखेड़ा सहित अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे. हर घाट पर छठी मैया के भजन गूंजते रहे और श्रद्धा का माहौल बना रहा. शीतलदास की बगिया में भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दस सबनानी भी पहुंचे. उन्होंने श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी.

भोजपुरी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोक आस्था के महापर्व सूर्य आराधना पर केन्द्रित ''छठ'' पर भोपाल के चार स्थानों पर छठ पर्व का आयोजन किया गया. दो दिवसीय इस आयोजन के अंतर्गत मंगलवार को प्रातःकाल सूर्योदय के साथ लोक एवं भजन गायकों ने छठ घाटों पर कला एवं संस्कृति के रंग घोले. प्रेमपुरा घाट, सैर सपाटा में प्रातः 4:30 बजे जहां एक ओर श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर आराधना कर रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर देश की सुप्रसिद्ध गायिका कुसुम पाण्डेय, मिर्जापुर ने उत्तर प्रदेश एवं बिहार की परंपराओं में रचे-बसे गीतों से मिठास घोल दी. श्रद्धालु सूर्य देव से अपनी संतान की समृद्धि की कामना कर रहे थे, तब कुसुम ने कवने करनवा सूरज कईले देरिया जी.... गीत से भक्ति के रंग बिखेर दिए. इसके बाद पनिया में होके करीला नीहोरा...., धीरे-धीरे हो सासु धीरे-धीरे...., उखिया मंगा लीहनी दउरा सजा लिहली...., मंगला भवानी के दर्शन करके...., ऊग हो सूरज देव भाईले भी भिनुसार...., काच ह बास के बहंगिया.... एवं माई के दर्शन पाके.... गीतों से श्रद्धाओं को दिव्य भाव से भर दिया. वहीं, शीतलदास की बगिया में राजेन्द्र प्रसाद शर्मा भोपाल ने, सरस्वती देवी मंदिर प्रांगण, बरखेड़ा में कुमार उदय सिंह पटना और सरयू सरोवर पार्क, अयोध्या नगर, में संजीव सिन्हा, जबलपुर द्वारा लोकगीतों एवं भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया.



### व्रती महिलाओं ने किया पारण

अर्घ्य के बाद व्रती महिलाओं ने पारण किया. भोजन में चावल, दाल, साग, सब्जी, पापड़, बड़ी, पकौड़ी और चटनी शामिल रही. व्रत समाप्त करने के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. इस बार राजधानी भोपाल में सबसे अधिक श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे. दीयों की रोशनी, सजावट और लोकगीतों से पूरा शहर छठ मैया की भक्ति में सराबोर रहा.

### घाटों पर थी सुरक्षा, सफाई की व्यवस्था

नगर निगम ने शहर के सभी घाटों पर सुरक्षा, रोशनी, पेयजल और सफाई की व्यवस्था की थी. पुलिस और प्रशासनिक टीमें भी सुबह से मौजूद रहीं. श्रद्धालुओं ने शांति और अनुशासन के साथ पूजा संपन्न की.

बता दें, सोमवार को छठ महापर्व पर विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान लाखों महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा. श्रद्धालु महिलाओं ने शीतलदास बगिया, अयोध्या नगर के सरयू घाट, खटलापुरा, प्रेमपुरा, पांच नंबर स्टॉप स्थित तालाब, भेल बरखेड़ा और बैरागढ़ के घाटों पर महिलाओं ने छठ मैया से प्रार्थना की- सुन लो अरजिया हमार हे छठी मैया... अपने सरन में रखिहो, दिह आसिस हजार. इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो उठा था.

### एक नजर में



### ओम शिव शक्ति सेवा मंडल का स्थापना दिवस

**भोपाल, 28 अक्टूबर.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सदस्यों ने मंगलवार को मंडल के 23 वे स्थापना दिवस पर भोलेनाथ और हनुमान जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल की स्थापना 28 अक्टूबर 2002 में हुई थी. मंगलवार को स्थापना दिवस पर मंडल सदस्यों ने पचमढ़ी में बड़ा महादेव, गुप्त महादेव, जटाशंकर एवं पांढुरना जिले में स्थित चमत्कारी हनुमान जी के दर्शन कर भोलेनाथ एवं हनुमान जी के समक्ष मंडल की सतत उन्नति, धार्मिक कार्य ,एवं समाज की भलाई के कार्य और भी बेहतर ढंग से लगातार करने की प्रार्थना की. पिछले 23 वर्षों की भांति मंडल आगे भी जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा करता रहें. प्रार्थना करने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, योगेश श्रीवास्तव, कपिल ग्वाला, राजकुमार रघुवंशी, सचिन आर्य, राधेश्याम कैलासिया आदि सदस्य शामिल थे.




### हनुमान चालीसा पाठ करने से सफल होते हैं कार्य

**भोपाल, 28 अक्टूबर.** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को सुबह प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारंभ किया था. मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंचमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर के संत रामभूषण महाराज संस्था के सचिव बसंत चेलानी उपस्थित हुए और एक बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया. महंत रामभूषण ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में हनुमान चालीसा का पाठ करने से ही आपका हर कार्य सफल होगा.

## पुलिस बैंड ने बोट क्लब पर सुनाए देशभक्ति गीत

▸ 31 अक्टूबर तक विभिन्न जगह होगा कार्यक्रम




**भोपाल, 28 अक्टूबर. मध्यप्रदेश सातवीं वाहिनी पुलिस बैंड द्वारा मंगलवार को बोट क्लब पर देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. यह आयोजन 31 अक्टूबर राजधानी के विभिन्न जगहों पर होगा.**

कमांडेंट सातवीं वाहिनीं हितेश चौधरी ने बताया कि पुलिस बैंड द्वारा देश भक्ति सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी. यह कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस तथा 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दस दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जिसमें 28 अक्टूबर मंगलवार को वोट क्लब पर बैंड ने गीतों की प्रस्तुति दी. उन्होंने बताया 30 अक्टूबर को पुलिस पेट्रोल पंप 7वीं वाहिनी भोपाल एवं 31 अक्टूबर को शौर्य स्मारक में सातवीं वाहिनी पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति एवं अन्य गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी.

### सीएम ने पत्रकारों से की मुलाकात



**भोपाल.** सीएम हाऊस में मंगलवार को दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों के साथ ही नवभारत भोपाल के संपादक दिलीप झा से मुलाकात कर बधाई दी.

## 'रूपाभ' समूह चित्र प्रदर्शनी में कल्पना और भावनाओं का संवाद

▸ भारत भवन में शुरू हुई पांच कलाकारों की सामूहिक चित्र प्रदर्शनी

**भोपाल, 28 अक्टूबर. भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा मंगलवार को रंग, रेखा और कल्पना के विलक्षण सामंजस्य से सजी हुई दिखाई दी.**

मौका था साप्ताहिक चित्र प्रदर्शनी श्रृंखला 'रूपाभ' के अंतर्गत आयोजित सामूहिक चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर का, जिसमें नागपुर के पांच सृजनशील कलाकार पंकज इटकेलवार, महेश मानकर, बाबर शरीफ, नरोत्तम दास और कृष्णनाथ पाटिल के समूह चित्र और शिल्पों को प्रदर्शित किया गया. रूपंकर केन्द्र की ओर से संयोजित इस प्रदर्शनी में चित्रों और शिल्पों के माध्यम से कलाकारों ने अपने अंतर्मन की अनुगूंज को रूपायित किया है. प्रदर्शनी का शुभारंभ पद्मश्री हर चन्दन सिंह भट्टी और भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने किया. सृजनात्मक यात्रा से 2 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से रात 8 बजे तक कला प्रेमी परिचित हो सकेंगे. पंकज इटकेलवार की चित्रकृतियां आत्मिक अनुभूति और ध्यान की गहराई में उतरने का आमंत्रण देती हैं.

## वेद के साथ संगीत के भी ज्ञाता हैं हनुमान : डॉ टंडन

### जनजातीय संग्रहालय में हनुमान व केवट चरित्र पर हुआ संवाद

**भोपाल, 28 अक्टूबर. जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्वशासी कन्या महाविद्यालय, भोपाल द्वारा जनजातीय संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय परिसंवाद का समापन मंगलवार को हुआ.**

परिसंवाद के दूसरे दिन 'रामाख्यानों में हनुमान चरित' विषय पर प्रो. पूरनचंद टंडन (नई दिल्ली) ने कहा कि हनुमान वेद, उपनिषद के साथ संगीत के भी ज्ञाता है. वाल्मीकि, तुलसीदास एवं अन्य भक्त कवियों ने हनुमान को ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान एवं वैराग्य जैसे 06 गुणों से संपन्न बताया है. वे अष्ट सिद्धि एवं नवनिधि के भी दाता है. हनुमान एक ऐसा चरित्र है जो आराधक से आराध्य बने.



गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें अतुलित बल धामा कहकर उनके पराक्रम का वर्णन किया. भारत के लोक समाज में हनुमान आज भी गांव-गांव में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले आराध्य है. 'रामाख्यानों में केवट चरित' विषय पर प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी (सागर) ने कहा कि निषादराज केवट प्रेम, करुणा ,भक्ति एवं कर्तव्यपारायणता का अनूठा उदाहरण है . केवट का स्वभाव अत्यंत विनयशील है.

समाज | कलार कलचुरि समाज ने किया आयोजन

## भगवान सहस्त्रबाहु की शोभायात्रा निकाली



**भोपाल, 28 अक्टूबर. कलार कलचुरि समाज के विभिन्न संगठनों के द्वारा राजधानी में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव पर मंगलवार को भगवान श्री सहस्त्रबाहु मंदिर पुष्पा नगर से कलचुरि भवन तक शोभायात्रा वाहन रैली निकाली गई.**

शोभा यात्रा में सहस्त्रबाहु कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी, अभा हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष तथा महासचिव पंकज चौकसे, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनोद राय भोपाल, महापौर मालती राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. शोभायात्रा के संयोजक डॉ एलएन मालवीया ने भेल दशहरा मैदान पर सभी अतिथियों का स्वागत किया. शोभा यात्रा में आकर्षक भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा, भगवान द्वारा रावण को बंदी बनाने वाली जैसी झांकी शामिल थी. कलचुरी भवन में शोभा यात्रा के अवसर पर भगवान सहस्त्रबाहुजी की आरती की गई.

आभार डॉ. एल एन मालवीया ने माना. मंच का संचालन वीरेन्द्र पप्पू राय ने किया.

### उमाभारती की आज गौ संवर्धन संकल्प सभा

**भोपाल, 28 अक्टूबर.** दुर्गा हनुमान मंदिर अयोध्या बासपास रोड, भोपाल में 29 अक्टूबर बुधवार गोपाष्टमी पर्व पर दोपहर 12 बजे गौ संवर्धन संकल्प सभा का आयोजन किया गया है. उक्त कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमाश्री भारती हैं. माता बेटी बाई सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा यह गौ संवर्धन सभा आयोजित की जा रही है. इसके तहत केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा गौ संवर्धन के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए समागम में एकत्रित गौ पालक, गौ भक्तों से प्राप्त सुझावों को भी समाहित कर कुछ विशेष मांग सरकारों को प्रस्तुत किया जायेगा.

## समाचार पत्र वितरकों की कार्यकारिणी गठित

**भोपाल, 28 अक्टूबर. दैनिक समाचार पत्र वितरक संघ भोपाल के द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में कार्यकारिणी गठित की गई. इसमें भोपाल शहर के वितरक बंधुओं ने अपनी बात रखी.**

भगत सिंह अखबार यूनियन के ग्वालियर जिला सचिव प्रदीप (गोलू) ने कहा हमें अपने संगठन में आदर्श स्थापित करना होगा क्रमबद्ध तरीके से अपनी लड़ाई को लड़ना होगा जिससे हमारी जीत निश्चित हो. मुख्य अतिथि AIUTUC के राज्य सचिव रूपेश जैन ने शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम का संचालन नरेश यादव ने किया. जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष कुंदन सिंह डंगवाल, उपाध्यक्ष अकबर हुसैन, तौफीक अहमद, तरुण जैन, राजकुमार राय, रामभजन अहिरवार, प्रांतीय महामंत्री नरेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पुनीत कोदूलाल पटेल, सचिव गुलशन यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द जाटव, मुकेश अहिरवार, संजय राजपूत, प्रेम शंकर बागोरा, दीपक चौकसे, अवध कुमार पटेरिया, दीपक प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र द्वारे, संदीप दुबे,जफर खान को चुना गया है.

